# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना

(DEPT. OF HR & ADMINISTRATION)

**(Regd. Office:- Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**

Contact No.: 7763817975,7763818077, email-dgmhr1015.bsptcl@gmail.com, website-www.bsptcl.in

TIN VAT NO-10011257007, TIN CST NO-10011146136, CIN- U74110BR2025GC018889

अधिसूचना संख्या- T-I/Alleg.-46002/18 133 पटना, दिनांक- 13/01/22

श्री सत्यनारायण कुमार, तदेन विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णियाँ सम्प्रति मुख्य अभियंता (प्रभारी), ओ. एंड एम., बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के विरुद्ध संकल्प संख्या- 1451 दिनांक 04.05.2019 के साथ संलग्न आरोप-पत्र में विनिर्दिष्ट कर्तव्य के निष्पादन में लापरवाही एवं शिथिलता के आरोप में विभागीय कार्यवाही संचालित की गई। उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री गौतम कुमार चौबे, मुख्य अभियंता (सिस्टम एंड ऑपरेशन), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को जाँच पदाधिकारी एवम् श्री राजीव कुमार सिंह, उप सचिव, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

श्री गौतम कुमार चौबे की सेवानिवृत्ति के उपरांत संकल्प संख्या- 1710 दिनांक 29.05.2019 द्वारा श्री एस.एन. सिन्हा, तदेन मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को जाँच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। श्री एस.एन. सिन्हा, मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना ने अपने कार्यालय पत्रांक 90 दिनांक 31.03.2020 द्वारा जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया। जाँच प्रतिवेदन में आरोपी के विरुद्ध लगाये गये सभी आरोपों को अप्रमाणित पाया गया। जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन, आरोपी पदाधिकारी के लिखित जवाब, उपस्थापन पदाधिकारी के लिखित जवाब एवम् अन्य सुसंगत अभिलेखों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत, जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवम् निष्कर्ष से सहमत होते हुए सक्षम प्राधिकार द्वारा उनके विरुद्ध संचालित उक्त विभागीय कार्यवाही में लगाये गये आरोपों से उन्हें आरोप मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार, श्री सत्यनारायण कुमार, तदेन विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णियाँ सम्प्रति मुख्य अभियंता (प्रभारी), ओ. एंड एम., बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के विरुद्ध संकल्प संख्या- 1451 दिनांक 04.05.2019 के साथ संलग्न आरोप-प्रपत्र में उल्लेखित आरोप से उन्हें आरोप मुक्त किया जाता है।

**आदेश-** आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति श्री सत्यनारायण कुमार, तदेन विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णियाँ सम्प्रति मुख्य अभियंता (प्रभारी), ओ. एंड एम., बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को अग्रसारित किया जाय।

आदेशानुसार,

13/1

(राधा मोहन प्रसाद)

महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.)

13/01/22

ज्ञापांक- 134 /पटना दिनांक- 13/01/22

प्रतिलिपि-अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव/निदेशक (मा.सं./प्रशा.) के प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.)

ज्ञापांक- 134 /पटना दिनांक- 13/01/22

प्रतिलिपि- निदेशक (परिचालन)/निदेशक (परियोजना), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/सभी महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियंता, संचरण जोन/प्रशासक (मास्टर ट्रस्ट), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/उपमहाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.)/ उपमहाप्रबंधक (कार्मिक)/ उपमहाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/उप सचिव/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता/सभी लेखा पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी (स्थापना), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ श्री सत्यनारायण कुमार, मुख्य अभियंता (प्रभारी), ओ. एंड एम., बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि इसे कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.)
13/01/22